**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

**दुर्ग, दिनांक : 27/09/2025**

## // प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बी.एल.ओ. श्री श्रेयश ताम्रकार द्वारा छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, एप के माध्यम से एवं ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की विधिवत प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया। इस दौरान फॉर्म संख्या 06 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, कैम्पस एम्बेसडर कु. चंचल यादव तथा कु. ट्विंकल साहू की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के समापन पर स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने छात्राओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान के लिए प्रेरित किया तथा आभार व्यक्त किया।

**टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

I/c,
Asehgal 27.09.2025

प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता का आयोजन




